MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

// UNIVERSITY LIBRARY //

-: NEWS CLIPPING SERVICE -:

DATE:23 FEB. 2026

दैनिक भास्कर
भोपाल 23-02-2026

विविध भारती के सेवानिवृत्त उद्घोषक कमल शर्मा ने किया खुलासा, कहा-रिकॉर्ड अर्काइव नहीं

आकाशवाणी में नहीं है रफी के इंटरव्यू की रिकॉर्डिंग

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

रेडियो की दुनिया में एक चौंकाने वाली सच्चाई सामने आई है-सुरों के सरताज मोहम्मद रफी के इंटरव्यू की रिकॉर्डिंग आकाशवाणी के आर्काइव में नहीं है। इतना ही नहीं, रूमानी आवाज के जादूगर किशोर कुमार के साक्षात्कार की रिकॉर्डिंग को लेकर भी संशय है। यह खुलासा विविध भारती के सेवानिवृत्त उद्घोषक कमल शर्मा ने किया है।

वे इन दिनों माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में रेडियो कार्यशाला में भाग लेने आए हैं। अपने सेवाकाल में रायपुर और मुंबई केंद्रों पर उन्होंने कई लोकप्रिय कार्यक्रमों का निर्माण किया। फिल्म व संगीत जगत की अनेक नामचीन हस्तियों के साक्षात्कार किए। उनके अनुभवों में रेडियो का स्वर्णिम अतीत भी है और बदलते समय के साथ उसकी नई यात्रा भी।

डिजिटल युग में बदला स्वरूप, कायम रही पहचान

उनका कहना है कि डिजिटल क्रांति के बीच आकाशवाणी ने खुद को बदला है। अब इसके कार्यक्रम ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और मोबाइल ऐप के माध्यम से भी सुने जा सकते हैं। ऑल इंडिया रेडियो की सिग्नेचर ट्यून की मधुर अनुगूंज और प्रसारण की विशिष्ट खनक आज भी श्रोताओं के मन में है। उनका दावा है कि ध्वनि गुणवत्ता के मामले में आकाशवाणी आज भी बेजोड़ है।

'कर्मयोगी' सामुदायिक रेडियो से नई पहल : विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने रेडियो प्रसारण का शर्मा से प्रशिक्षण लेने के साथ ही 'कर्मयोगी' नामक सामुदायिक रेडियो का छह घंटे का प्रसारण प्रारंभ कर दिया है। वर्तमान में इसकी पहुंच लगभग 25 गांवों तक है।

संवाद और सुदृढ़ करना है : कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने बताया कि विद्यार्थी विवि से संबद्ध कार्यक्रमों के साथ ग्रामीण रुचि के विषयों पर भी कार्यक्रम कर रहे हैं। ग्रामीण संवाद और सुदृढ़ करना है।

एमसीयू में एनएसएस के उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीयू के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अनंत सक्सेना उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. विजय मनोहर तिवारी ने की।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'PEOPALS SAMACHAR'21 FEBRUARY.2026